14.57 hrs.

Title: Need to lay rail line between Bilaspur and Mandla in Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदया, निवेदन है कि छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर से मण्डला तक नई रेल लाइन बिछाने हेतु भारत सरकार द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। स्वीकृति के अभाव में कार्य प्रारम्भ नहीं होने से आम नागरिक हताश हैं। उक्त सर्वे रिपोर्ट को प्लानिंग कमीशन में भेजा जाए तथा इसी बजट सत्र में नई रेलवे लाइन बिछाने की अनुमति दी जाए। जिससे वहां के गरीब मजदूर तथा हजारों शिक्षित बेरोजगारों को कार्य तथा नौकरियों के दरवाजे खुल जाएंगे तथा उन्हें आर्थिक लाभ होगा तथा वहां के कोयले तथा गिट्टी के खदान से ढुलाई का कार्य भी रेलवे को मिलेगा, जिससे छत्तीसगढ़ राज्य की आय में बढ़ोतरी होगी तथा छत्तीसगढ़ के नागरिकों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिलासपुर से मण्डला तक नई रेल लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की जाए।